राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com

prrajbhavanbihar@gmail.com

मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध भजन–गायक श्री नरेन्द्र चंचल के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 22 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सुप्रसिद्ध भजन–गायक श्री नरेन्द्र चंचल के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि भजन–गायकी के क्षेत्र में नरेन्द्र चंचल की लोकप्रियता बेशुमार रही है और उनकी ओजपूर्ण और मर्मस्पर्शी गायकी से रोम–रोम में भक्ति, प्रेम और श्रद्धा की भावना का संचार हो उठता है। श्री चंचल ने फिल्मी एवं सुगम संगीत के क्षेत्रों में भी अपनी अनुपम गायकी से सबको आनन्दित किया। राज्यपाल ने कहा है कि उनके निधन से भारत के सांस्कृतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत गायक स्व॰ नरेन्द्र चंचल की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोकसंतप्त परिजन एवं प्रशंसकों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....